# विधि महाविद्यालय में मूट कोर्ट आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय विधि महाविद्यालय काराबोह छिंदवाड़ा में मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने एक आपराधिक मामले में मध्यप्रदेश राज्य विरुद्ध कलीराम 2022 का नाटकीय रूपांतरण किया गया।

इस अवसर पर अतिथि सिविल न्यायाधीश राकेश सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रमोहन मुद्गल, कैलाश मिश्रा, किशोर शुक्ला, जिला विधिक सहायता अधिकारी विजय खोबरागड़े उपस्थित थे। कॉलेज के विद्यार्थियों ने न्यायाधीश, अभियोजन अधिकारी, बचाव पक्ष के अधिवक्ता, गवाह, आरोपी सहित अन्य लोगों का किरदार निभाया।





मामले की सुनवाई के बाद आरोपी को सजा सुनाई गई। मूट कोर्ट मंचन में न्यायाधीश सुरेखा धुर्वे अभियोजन पक्ष आशुतोष धुर्वे, साकिब बेग, अवंतिका उईके, कुंजल शर्मा, आयुष प्रसाद, आराधना यादव, संगीता बेलवंशी बचाव पक्ष के अधिवक्ता वैष्णवी जावरे, दिव्या सोनी, ब्रजलाल इनवाती, ऋतिक तिवारी, योगेश लोधी, उमा भारती, उमेश साहू, आरोपी की भूमिका अनिल, उपनिरीक्षक की भूमिका उमेश सूर्यवंशी, डॉक्टर अमीषा मिश्रा, अर्जुन अन्य गवाह अंकित, प्रकाश, अमृता, अनुशिका, चांदनी, गगन, प्रीति, स्टेनो आकाश, रश्मि, अनुष्का, प्रियंका, दरबान की भूमिका आनंद, विशाल ने निभाई।

वरिष्ठ अधिवक्ता ने विधि विद्यार्थियों से कहा कि आपको अच्छा अधिवक्ता बनना है तो अपने प्रोफेशन को समय देना होगा। अपने सीनियर के साथ मेहनत कर सफल अधिवक्ता बन सकते हैं। कड़ी मेहनत हार को भी जीत दिला सकती है, बस जुनून होना चाहिए।

विधिक सेवा प्राधिकरण के विजय खोबरागड़े ने कहा अच्छा अधिवक्ता बनने के लिए सतत् मेहनत के साथ धैर्य रखना होगा। चाहे न्यायिक सेवा की तैयारी करें या अधिवक्ता बने मेहनत करनी होगी। कार्यक्रम ने न्यायालयीन कार्रवाई एवं अधिवक्ताओं के दायित्व को समझाया।

मंच संचालन कुंजल शर्मा व अवंतिका तथा आभार प्रदर्शन डॉ. कमलाकर मोटघरे ने किया। इस अवसर पर डॉ. दमयंती कटरे, डॉ. स्नेहा सिंह, कमलेश चरपे, तरूण यादव, राकेश कुमार कोष्टी, कीर्ति कोबरे और महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे जिन्होंने मूट कोर्ट की कार्यवाही को देखा और इससे उन्हें आगे आने वाले समय में जो भी फिल्ड चुनेंगे, सहायता मिलेगी।

# खुलेआम कट रहे सागौन के पेड़ जंगल में दिखते हैं बचे हुए ठूंठ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बिछुआ के पूर्व मंडल के वन परिक्षेत्र सामान्य में बड़े सौगोन पेड़ के जंगल में कटे पेड़ों के ठूंठ में लगातार इजाफा हो रहा है। वन विभाग की मौन स्वीकृति से कीमती इमारती लकड़ियां तस्करों की भेंट चढ़ रही है। आलम यह है कि साल भर के भीतर सैकड़ों की तादाद में सागौन के पेड़ कट चुके हैं।



अवैध पेड़ कटाई के मामले में बिछुआ परिक्षेत्र के मझियापार, आमाकुही, कुरई, सुरंगी, पानाथावड़ी, टेकापार, गढ़ेवानी के जंगलों का नजारा हैरान कर देने वाला है। वन तस्कर यहां के जंगल से लकड़ियों की अवैध तस्करी में जुटे हुए हैं। इन जंगलों में सागौन पेड़ों की ठूंठ आसानी से देखे जा सकते हैं। तस्कर पहले दिन सागौन के पेड़ों पर निशान लगाते हैं। उसके बाद दूसरे दिन पूरा पेड़ मौके से गायब नजर आता है।

मिली तस्वीर चौंकाने वाली है। दरअसल यह अवैध कटाई का खेल स्थानीय स्तर पर तैनात अधिकारी और वनरक्षकों की शह पर किया जा रहा है। बड़ी मात्रा में पेड़ों की कटाई से वन विभाग के अधिकारियों पर कई सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों की मानें तो शाम होते ही तस्कर सक्रिय हो जाते हैं।

पहले दिन पेड़ को काटकर धराशाई कर दिया जाता है। पेड़ की ठूंठ की तादात में लगातार हो रही बढ़ोतरी इस बात का गवाह है। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मामले में रुचि नहीं ले रहे हैं। हालिया स्थिति यही रही तो आने वाले दिनों में पूरा जंगल उजाड़ हो जाएगा।

इन बीटों कार्यरत रेंजर करिश्मा शेख, डिप्टी रेंजर, वनरक्षक अपनी बीट में गश्त नहीं करते जिसका माफिया फायदा उठाकर दिनों में ही सौगोन पेड़ की कटाई कर रात में पगडंडी के रास्ते से होते हुये नगर तक जाती है जिससे इंन जंगलों में कटे हुये पेड़ों के ठूठ आसानी से दिखाई देते है जिसकी जानकारी वन अमलें को होने बाद भी कार्यवाही न हो पाना समझ के परे है।

## सार-समाचार

### मधुमेह लाइलाज बीमारी नहीं, जीवन शैली में सुधार से होगा फायदा : डॉ. प्रदीप



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में बृहद शुगर जांच शिविर एवं सेमिनार में मधुमेह दिवस पर विश्व की सबसे बड़ी डायबिटिक हेल्थ स्क्रीनिंग में प्रोग्राम आयोजित करने के लिए गिनीज वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने वाले देश के प्रसिद्ध एम.डी.डी. डायबिटोलॉजिस्ट डॉक्टर प्रदीप गाडगे मुंबई का मधुमेह जागरूकता नि:शुल्क सेमिनार वैश्य महासम्मेलन प्रदेश महामंत्री संगठन के नेतृत्व में रानी कोठी में संपन्न हुआ जहां डॉ. गाडगे द्वारा लोगों की शंका का समुचित समाधान किया गया।

उन्होंने बताया कि व्यवस्थित दिनचर्या व उचित खानपान द्वारा मधुमेह का उपचार किया जा सकता है। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य मधुमेह के प्रति व्याप्त भय को समाप्त करना था। सेमिनार पूर्व 81 पंजीकृत मरीजों का उपचार विवांता हॉस्पिटल में किया गया। शिविर की सफलता इस बात से की जा सकती है कि गंभीर रूप डायबिटीज से पीड़ित एक 11 वर्षीय आदिवासी बालिका जिसे टाइप 1 डायबिटीज है उसका पूर्ण परीक्षण किया गया। इस आदिवासी बालिका के 1 माह की इंसुलिन व दवा का खर्च वैश्य महासम्मेलन वहन करेगा।

सेमीनार के मुख्य अतिथि द्वय जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव एवं पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी सहित वरिष्ठ भाजपा नेता पार्षद विजय पाण्डे, युवा नेता अजय सक्सेना, वैश्य महासम्मेलन संभाग प्रभारी मनीष अग्रवाल सिवनी, संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित थे। युवा इकाई के धर्मेंद्र साहू एवं शैलेन्द्र जैन ने बताया कि इस वृहद मधुमेह जांच शिविर में मुंबई से सहयोगी के रूप में डॉक्टर निकिता परलकर, डॉक्टर काजल शर्मा, डॉक्टर पूजा सालगांवकर, डॉक्टर श्रीमती रोशनी गाड़गे ने भी अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी विकास वात्सल्य, महिला इकाई संभागीय प्रभारी सविता पाटनी, रुचि सुधीर जैन ने किया।

सेमिनार में तहसील अध्यक्ष बृजेश कालपीवार, संभागीय अध्यक्ष किरण सोनी, जिलाध्यक्ष सुचिता राठी, युवा इकाई के संभागीय प्रभारी धर्मेंद्र साहू, जिला प्रभारी शैलेन्द्र जैन, जिलाध्यक्ष विशाल माहेश्वरी, नरेंद्र अग्रवाल, बबलू, संदीप जैन, प्रशिक्षण अधिकारी, अजयराज जैन रानू, सुधीर जैन, पंकज साहू, राजेश पांडे, पंकज जैन, कुंज राठी, संदीप साहू, मयंक नेमा, राजेश पांडे, प्रवीण पांडे, निलेश जैन सहित बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

### चांदामेटा बुटरिया में कुआं और डेम की साफ सफाई की

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 28 अप्रैल 2025 को नगर परिषद चांदामेटा बुटरिया द्वारा शासन निर्देशानुसार जल गंगाा अभियान अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 सम्पवेल कुऑ के आस पास सफाई कार्य किया गया एवं अमृत योजना अंतर्गत किये जा रहे डेम सौन्द्रयीकरण एवं नवीनीकरण किया जा रहा है। डेम में भी सफाई कार्य किया गया। उक्त अभियान में नगर परिषद चांदामेटा बुटरिया के उपाध्यक्ष अमजद खान एवं निकाय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय आरोग्य मेले में नाटक कुसुमवती का मंचन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की प्रतिष्ठित स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि नेमा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला और नेतृत्व क्षमता का शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान एन.आई.ए. जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य मेला- 2025 में नाटक कुसुमवती का सफल निर्देशन किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में संपन्न हुआ। कुसुमवती नाटक का लेखन डॉ. पवन नेमा द्वारा किया गया, जिसे डॉ. रश्मि नेमा ने सहज संवादों और हास्यपूर्ण अंदाज में प्रस्तुत कर दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। चार कलाकारों द्वारा अभिनीत इस नाटक ने एक ओर जहां मनोरंजन किया, वहीं दूसरी ओर सामाजिक सरोकारों से जुड़े गंभीर मुद्दों को संवेदनशीलता के साथ मंचित किया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान एन.आई.ए. के मुख्य सभागार में किया गया।





डॉ. बी. पुष्पलता के आदेश अनुसार संपन्न इस नाट्य प्रस्तुति में डॉ. पूजा दाधीच, डॉ. यशोदा कंवर, डॉ. पूजा मंगल, और डॉ. चंपा पटेल सहित अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त चिकित्सकों ने सजीव अभिनय किया। विशेष उल्लेखनीय है कि यह पहली बार था जब एन.आई.ए. की शैक्षणिक गतिविधियों में रोल प्ले नाट्य प्रस्तुति को औपचारिक रूप से शामिल किया गया।

डॉ. रश्मि नेमा के इस अभिनव प्रयास को संस्थान में अत्यधिक सराहना प्राप्त हुई और इसे शैक्षणिक नवाचार की दिशा में एक प्रेरक पहल के रूप में देखा जा रहा है। छिंदवाड़ा जिले के चिकित्सा समुदाय, आयुर्वेद प्रेमियों तथा नागरिकों ने डॉ. रश्मि नेमा को इस अद्वितीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# सिंधी समाज ने निकाला शांति मार्च, दी श्रद्धांजलि




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सर्व सिंधी समाज छिंदवाड़ा ने पहलगाम में 26 हिंदुओं से धर्म पूछकर और मुस्लिम होने का सबूत मांगकर कायर आतंकवादियों द्वारा परिवार और बच्चों के सामने 28 पुरुष सदस्यों की नृशंस हत्या कर दी।

इस घटना से आहत सिंधी समाज ने आज झूलेलाल मंदिर में 180 से अधिक सामाजिक बंधुओं ने एकत्रित होकर सभी मृतकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शांति मार्च के माध्यम से अपना आक्रोश व्यक्त किया। शान्ति मार्च में लोकसभा सांसद विवेक बंटी साहू एवं महापौर विक्रम अहाके भी शामिल हुए।

रैली का समापन जिला कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपने का साथ हुआ। ज्ञापन में छिंदवाड़ा सिंधी समाज द्वारा इस कायरता पूर्ण हमले की घोर निंदा तथा आतंकियों की इस कायराना हरकत के लिए पाकिस्तान पर सख्त कार्यवाही करने की मांग को लेकर समाज की ओर से डॉ. कृष्ण हरजानी द्वारा कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया

जिसमें दुर्गादास नोतानी, गोपीचंद नाथानी, पूरण लाल राजलानी, गुरबख्श नाथानी, भीमनदास परसवानी, घनश्याम पंजवानी, शोभराज गंगवानी, संतोष लालवानी, सुरेश माधवानी, तुलसीदास परसवानी, शंकर चुगलानी, मुक्कू लालवानी, सच्चानंद गंगवानी, पीतांबर डोडानी, सुदामा सुंदरानी, रोशन गैलानी, अमर परसवानी, महेश सेवलानी, मोहन पंजवानी, सुनील लालवानी, भगतराम एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु शामिल हुए।

# भारतीय शिक्षण मंडल ने मनाया 56वां स्थापना दिवस



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय शिक्षण मंडल के 56 वें स्थापना दिवस के अवसर पर शासकीय पी.एम. एक्सीलेंस, पी.जी. महाविद्यालय छिंदवाड़ा में भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित कार्यक्रम शिक्षा से ज्ञान, ज्ञान से चरित्र और चरित्र से राष्ट्र निर्माण विषय आधारित विमर्श आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के 130 से अधिक शैक्षणिक विद्वानों एवं 25 छात्र छात्राओं सहित कुल 155 लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता व ज्ञान की देवी सरस्वती जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर हुआ। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य डॉ. आर.पी. यादव ने आमंत्रित अतिथियों का परिचय कराया। तदुपरांत श्रीमती वैशाली गुप्ता ने भारतीय शिक्षण मंडल का संक्षिप्त परिचय और प्रासंगिकता प्रस्तुत की।

आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप पधारे ज्ञानेन्द्र ने भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा के महत्व को समझाते हुए संस्कारपूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि सामान्य शिक्षा के स्थान पर प्रयोगात्मक शिक्षा के सुखद परिणाम प्राप्त होते हैं।

जिस प्रकार एक माता अपने नन्हे से अबोध बालक को जीवन जीने के सभी तौर तरीके दिखाकर और प्रायोगिक अनुभव कराकर सिखाती है। ठीक उसी तरह आज के युग में शिक्षकों को भी निपुण होना होगा।

पाठ्यक्रम में भारतीय साहित्यों और विषयों की प्रधानता हो जिससे हमारे विद्यार्थी भारत का गौरवशाली इतिहास स्मरण कर स्वर्णिम भारत के निर्माण के लिए दृढ़ता से खड़े रहे।

इसे भारतीय विषयों का संयोजन करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। सारस्वत अतिथि के रूप में पधारे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छिंदवाड़ा के विभाग संघचालक भजन लाल चोपड़े ने बताया कि उत्तम चरित्र निर्माण कर राष्ट का निर्माण कर सकते है।

# जनपद उपाध्यक्ष जमील खान वर्तिका अलंकरण से सम्मानित

**परासिया, देशबन्धु।** जबलपुर के रानी दुर्गावती संग्रहालय की कला वीथिका में वर्तिका राष्ट्रीय अलकरण तथा वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक सेवाओं एवं कौमी एकता के लिए परासिया विकासखंड के जाटाछापर निवासी तथा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष जमील खान को वर्तिका राष्ट्रीय सेवाश्री अलंकरण से सम्मानित किया गया।

संस्था के द्वारा जनपद उपाध्यक्ष के पिछले कई वर्षों के दीर्घकालिक सामाजिक सेवाओं और कौमी एकता के लिए किए गए कार्यों का मूल्यांकन किया गया है। अपने उद्बोधन में जमील खान ने सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने की बात कही। बता दें कि जमील खान कौमी एकता के रूप में जाटाछापर क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष काली पूजा की जाती है स्थापना के साथ और कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।



# अनुसूचित जाति युवजन समाज ने किया पहलगांव हमले का विरोध, दी श्रद्धांजलि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज रजिस्टर्ड जिला शाखा छिंदवाड़ा के जिलाध्यक्ष प्रकाश मेहरोलिया के नेतृत्व में अमर शहीद स्मारक पर 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना में मृतक पर्यटक 28 नागरिकों के लिए नमन करते हुए उन्हें कैण्डल जलाकर, पुष्पमाला भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।



जिसमें मुख्य रूप से जगदीश गोदरे वरिष्ठ सचिव, राष्ट्रीय सचिव लतीता सरवाईया, महिला विंग अध्यक्ष अनिता गोदरे, महादेव गायकवाड़, सुमित भावरकर, महेंद्र पवार, विनायक राव चन्ने, भारत डोले, नीरज गोदरे, जय प्रकाश करोसिया, वानखेड़े सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रद्धांजली सभा में शामिल होने वाले सभी बंधुओं का श्री मेहरोलिया ने आभार व्यक्त किया है कि इसी तरह एकता का परिचय देते रहे।

# पातालकोट के छिंदी में होगा भारिया सम्मेलन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में जानकारी दी है कि पातालकोट के छिंदी में राज्य स्तरीय भारिया सम्मेलन प्रस्तावित है जिसकी तैयारी की जा रही है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कल 28 अप्रैल को आयोजित टी एल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सी.एम. हेल्पलाइन, सी.एम. कार्यालय, सी.एम. हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थित में जून के प्रथम सप्ताह में तामिया के छिंदी क्षेत्र में राज्य स्तरीय भारिया सम्मेलन का आयोजन प्रस्तावित है। उन्होंने प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत सभी संबंधित विभागों को तैयारियां प्रारंभ करने और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों और नवाचारों के लिए सभी अधिकारियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से छिंदवाड़ा जिले ने प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बनाई है।

जिले में श्वॉश ऑन व्हील्स नवाचार की शुरुआत की गई, जिसमें चलित वाहन के माध्यम से सार्वजनिक शौचालयों की सफाई की जाती है। इस पहल को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है और कई जिलों द्वारा इसे अनुकरणीय मॉडल के रूप में अपनाया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के निरंतर प्रयासों से सुरक्षित मातृत्व अभियान के बेहतर क्रियान्वयन से जिले में मातृ मृत्यु दर में विगत वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय कमी आई है, जो स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि का प्रमाण है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को विशेष बधाई दी गई।

कृषि विभाग ने सुपर सीडर और हैप्पी सीडर मशीनों के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देकर नरवाई प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार किया है, जिससे पराली जलाने की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। किसानों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए इस प्रयास की प्रशंसा की गई।

सरकारी स्कूलों में जेईई और नीट की नि:शुल्क विशेष कक्षाओं का सफल संचालन किया गया, जिसके परिणामस्वरूप इस वर्ष जिले के सरकारी स्कूलों के कुल 127 विद्यार्थी जेईई परीक्षा में 50 प्रतिशत से अधिक परसेंटाइल से उत्तीर्ण हुए हैं, जिससे उन्हें आसानी से किसी भी इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन मिल जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि भविष्य में भी इन कक्षाओं का संचालन निरंतर जारी रहे, ताकि और अधिक विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकें।

सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए महुआ कुकीज, महुआ लड्डू, कुटकी कुकीज, महुआ मिलेट कुकीज, चिरौंजी मिलेट्स उत्पाद, हर्बल गुलाल और प्राकृतिक शहद जैसे उत्पादों को बाजार में अच्छी पहचान मिल रही है। कलेक्टर ने इस नवाचार को ग्रामीण आजीविका संवर्धन की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।

मध्यप्रदेश में पहली बार छिंदवाड़ा जिले में स्व सहायता समूह माध्यम से मोती की खेती की गई है, जो जिले के लिए एक अनूठी उपलब्धि है। उन्होंने संबंधित विभाग और किसानों को इसके लिए बधाई दी।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे आगामी एक वर्ष के लिए ठोस लक्ष्य तय करें और उसे प्राप्त करने हेतु गंभीर प्रयास करें, ताकि जिले को प्रदेश में अग्रणी स्थान दिलाया जा सके।

टी.एल. बैठक में सहकारिता एवं कृषि विभाग को निर्देश दिए गए कि समिति स्तर पर कोटवारों के माध्यम से किसानों को सूचित किया जाए कि समितियों में उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है। किसान शीघ्रता से आवश्यकता अनुसार उर्वरकों का उठाव करें, जिससे भविष्य में खाद वितरण में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## सभी जिलों में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव दो मई को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत 2 मई 2025 को प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव जिला नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना मध्यप्रदेश सरकार की बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि हर बेटी को सम्मान, शिक्षा और आत्म-निर्भरता के अवसर प्राप्त हों। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। उन्होंने प्रत्येक जिला और निकाय स्तर पर कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं, जिससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और सशक्तिकरण का वातावरण तैयार हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति साझा संकल्प है। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं द्वारा किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, दीप प्रज्ज्वलन, लाड़ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और अपराजिता कार्यक्रम अन्तर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है।

## सार-समाचार

### किसानों के बढ़े हुए बिजली बिलों का कांग्रेस ने जमकर किया विरोध, सौंपा ज्ञापन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा सरकार का अन्याय व अत्याचार पूर्ण रवैया किसानों के साथ सतत जारी है। रबी व खरीफ की फसलें मौसम की मार से बर्बाद हुई। सरकार ने मुआवजा देने का वादा किया, किन्तु एक रुपये की सहायता किसानों को प्राप्त नहीं हुई। परिणाम स्वरूप आर्थिक संकट से जूझ रहे किसानों को भाजपा सरकार ने मनमाना बिजली का बिल भेजकर जमा करने हेतु दबाव बनाया जा रहा जिसका कांग्रेस ने जमकर विरोध किया।

कांग्रेस के द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन को लेने के उपरांत उपस्थित ए.डी.एम., अधीक्षण यंत्री व एस.डी.एम. ने कहा कि जिन किसानों को बिजली के बढ़े हुए बिल प्राप्त हुए हैं वे तत्काल नजदीकी विद्युत वितरण केन्द्र के कार्यालय में पहुंचकर आपत्ति दर्ज कराएं साथ ही जब तक निराकरण ना हो तब तक बिल जमा ना करें। माचागोरा जलाशय से नहरों में पानी नहीं छोड़े जाने से सूख रही फसलों की ओर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को कांग्रेस ने ध्यानाकार्षण कराया तो उन्होंने कहा कि अविलम्ब नहरों से पानी छोड़ने पर निर्णय लिया जाएगा।

कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि देश के कृषिमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने आपको किसान हितैषी कहते नहीं थकते, किन्तु इनके कार्यों से कहीं भी ऐसा प्रतीत नहीं होता। वर्तमान में जिले के किसानों को मनमाना बिजली का बिल भेजकर भाजपा ने अपना किसान विरोधी चेहरा एक बार फिर उजागर कर दिया। किसानों को 4, 6 व 8 एच.पी. के मोटर पम्प का बिल दिया जा रहा है, जबकि इतनी एच.पी. के मोटर पम्प होते ही नहीं है, यह किसानों के साथ एक तरह का मजाक भी है। किसानों को इसी दर से बिल जमा करने हेतु विभिन्न माध्यमों से लगातार विवश किया जा रहा। यह बर्ताव हिटलरशाही है जिस पर तत्काल विराम लगाया जाना चाहिए साथ ही बढ़े हुए बिलों को जमा करने हेतु किसानों को विवश किया जा रहा है और झूठे पुलिस प्रकरण बनाने व सम्पत्ति कुर्क करने की धमकी दी जा रही जिस पर अविलम्ब रोक लगाई जाने की मांग प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से की गई।

### मंजे के धागे से लटके उल्लू की बचाई जान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डेनियल्सन कालेज के परिसर मे दो पेड़ो के बीच मंजे के धागे से फसा एक उल्लू को वन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा रेस्क्यू किया गया। उल्लू फंसे होने की सूचना कालेज के खेल अधिकारी शरद स्टीफन द्वारा सूचना वन्यजीव अभिरक्षक श्यामल राव को दी गई जहां मोके पर पहुंच कर श्री राव ने फोन पर वन विभाग के परिक्षेत्राधिकारी पंकज शर्मा, डिप्टी रेंजर राजेश श्रीवास्तव को सूचित किया। इस घटना की सूचना पर उनके द्वारा रेस्क्यू टीम भेजकर मंजे से फंसे उल्लू को बड़ी मशक्कत के बाद उसे निकाल कर उपचार हेतु पशु चिकित्शालय भेजकर उक्त उल्लू का उपचार कर पुन: कालेज परिसर मे बने निवास स्थल पर छोड़ दिया गया। उक्त उल्लू की जान बचाने मे सहयोग करने वालो मे गौरव स्टीफन, भारत भूषण भुजाड़े, शरद चांदेकर सहित वन कर्मियों का सराहनीय सहयोग रहा।



## जीवन पथ दर्शन शिविर का शुभारंभ, आज मनेगा उपकार दिवस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवक विविध अनुष्ठानों के साथ आज वैशाख सुदी दूज के शुभ दिन वर्तमान कलिकाल में स्वाध्याय के बल पर सम्पूर्ण विश्व को ज्ञायक भगवान आत्मा की महिमा बताकर मैं ज्ञायक परमात्मा हूं ऐसा श्रद्धान कराने वाले स्वर्णपुरी सोनगढ़ के संत आध्यात्मिक सत् पुरुष गुरुदेव श्री कानजी स्वामी का 136 वां उपकार दिवस अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ जिनालय, स्वाध्याय भवन एवं वीतराग भवन में मनावेगा।

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि 136 वें उपकार दिवस पर सोमवार के शुभ दिन 6 दिवसीय जीवन पथ दर्शन शिविर का भव्य शुभारंभ नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री



पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने श्री जिनेन्द्र पूजन की पश्चात मंडल के मंत्री अशोक जैन, फेडरेशन उपाध्यक्ष जिनेन्द्र जैन, सचिव दीपक राज जैन के साथ डॉ. के.सी. जैन, सुरेन्द्र जैन, गोविंद जैन, सुबोध जैन, पंकज जैन ने जिनालय पर ध्वजारोहण कर विधि विधान पूर्वक शिविर का उदघाटन किया।

शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में अमायन से पधारी बाल ब्रह्मचारणी ममता दीदी ने प्रात: एवं रात्रि 8.30 बजे बहुत ही सुगम एवं सरल शैली में सच्ची जीवन शैली बताई ओर कहा कि हमने आज तक लौकिक जीवन में सुविधाओं को आधार बनाया संस्कारों को नहीं, धन को महत्व दिया धर्म को नहीं, स्वार्थी जीवन जीना सीखा, हम दूसरों को हटाकर सुखी होना चाहते हैं अपनी कषायों को मिटाकर नहीं इसीलिए दुखी हुए, हमें लोभ छोड़े बिना लाभ नहीं मिलेगा अत: जिन्हें सुखी होना हो वे आत्म निरीक्षण करें और प्रसन्नता पूर्वक नियमों का पालन करें यही अनुशासन है। उन्होंने कहा कि धन्य वे नहीं है जिन्हें सर्व निमित्त मिले हैं वास्तव में धन्य वे हैं जिन्हें निमित्त की जरूरत ही नहीं है।

## सेवा ही कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा : सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सेवा से ही हमारे कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। हम सब के भीतर सेवा का भाव होना चाहिए। यह बात सांसद विवेक साहू ने सोमवार को रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होकर यह बात कही।

सांसद साहू ने सोमवार को रेलवे स्टेशन हॉस्पिटल छिन्दवाड़ा में स्थापित किये गये वाटर आरो का शुभारंभ किया। हॉस्पिटल में आरो लग जाने से अब यहां आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को शुद्ध एवं ठंडा पानी मिल सकेगा। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने एक व्यक्ति को खुद अपने हाथों से पानी भी पिलाया।

इस संबंध में नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक समिति के अध्यक्ष व नागपुर डिवीजन रेलवे के सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र ठाकुर ने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा के मंत्र को लेकर चलने वाले सांसद बंटी विवेक साहू के जन्मदिन को सेवा दिवस में मनाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में छिंदवाड़ा रेलवे स्टेशन के हॉस्पिटल में नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक समिति के तत्वावधान में मरीजों को शुद्ध पेय जल के लिए वाटर आरो स्थापित किया गया। जिसका



शुभारंभ सांसद बंटी विवेक साहू के हस्ते हुआ।

इस कार्यक्रम में महापौर विक्रम अहाके, मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, अंकुर शुक्ला, नवीन बारस्कर, लीला बजोलिया, स्टेशन मास्टर मीणा, हेल्थ इंस्पेक्टर आशीष अल्डक, डी.आर.यू.सी.सी. मेम्बर मोना चौधरी, मुकुल सोनी, डॉ. हिमांशु वर्मा, प्रिया कस्तूरे, सोनू साहू, अधिवक्ता रूपाली, प्रशांत चौधरी, टिंकू भसीन, हितेश चौधरी, प्रदीप उपासे, राजू निरापुरे, भाजपा नेता राजू नरोटे, रिज़वान कुरैशी, बलराम साहू, मनोज सक्सेना, मनोज कुशवाहा, विश्वेंद्र बैस आदि थे।

## कुंआ, बावड़ियों का जीर्णाद्धार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश शासन भोपाल के पत्र क्रमांक 3625/जेजीएसए /25 दिनांक 27 मार्च 2025 के तारतम्य में प्रदेश के समस्त नगरीय निकाय में जल स्त्रोत तथा नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक विशेष अभियान किया जाना है जिसके अंतर्गत 28 अप्रैल 2025 सोमवार प्रात: 09:00 बजे वार्ड नम्बर 16 सिवनी प्राणमोती में स्थित तालाब जल संवर्धन कार्यक्रम विवेक बंटी साहू सांसद छिन्दवाड़ा, विक्रम सिंह अहके महापौर नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा एवं शीलेन्द्र सिंह कलेक्टर जिला छिन्दवाड़ा की गरिमामयी उपस्थिति मे आयोजित किया गया है।

## प्रगतिशील लेखक संघ के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रगतिशील लेखक संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय हिंदी प्रचारिणी समिति के सभागृह में सौंसर के साहित्यकार एस.आर. शेंडे की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के आरम्भ में प्रलेस पर प्रकाश डालते हुए मोहन डहेरिया ने संघ के इतिहास की जानकारी से अवगत कराया एवं वर्तमान में उपस्थित हो रही चुनौतियों पर अपनी बात रखी।

इस अवसर पर कहानी पर चर्चा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसके तहत अयाज खान (जुन्नारदेव) एवं फैसल कुरैशी ने अपनी लिखी कहानी का पाठ किया। हेमेन्द्र कुमार राय ने कहानियों पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि कहानियों का शिल्प वर्तमान यथार्थ के अनुरूप होना चाहिए, दोनों कहानीकारों की कहानियां इस कसौटी पर खरी उतरती हैं।

डॉ. मनोज गुप्ता ने व्यक्त विचार में कहा की कहानी संस्मरण से भिन्न नजर आनी चाहिए एवं चंदन अयोधी ने कहानियों की सराहना की साथ ही उपस्थित साथियों ने कहानी पर चर्चा की। एस. आर. शेंडे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि प्रगतिशील साहित्य आज के दौर की जरूरत है साथ ही एक प्रगतिशील विचारों को व्यक्त करती कविता का पाठ किया।

कार्यक्रम का संचालन स्वप्निल जैन ने किया, आभार प्रदर्शन ओम प्रकाश नयन ने किया। कार्यक्रम में शैफाली शमा, अश्विनी गजभिए, ध्रुव वानखेड़े, राजकुमार चौहान की विशेष उपस्थिति रही।



# संविधान बचाओ रैली आठ मई को



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कांग्रेस ने देश की आजादी के लिए पहले गोरों से लड़ाई लड़ी जिसमें कांग्रेस से जुड़े नेताओं ने बलिदान दिया तब जाकर हमारा आजादी का सपना साकार हुआ है। अब कांग्रेस की लड़ाई संविधान को बचाने व संविधान निर्माता के मान को सुरक्षित रखने के लिए सत्त लड़ी जा रही है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय पर म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की मौजूदगी में संविधान बचाओ रैली निकाली जावेगी।

भाजपा की सरकार के द्वारा सतत व निरंतर रूप से संविधान के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया जा रहा है। इतना ही नहीं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेकर को लेकर जो टिप्पणी की गई है उससे यह साबित हो रहा है कि भाजपा संविधान के साथ ही बाबा साहब के मान को भी ठेंस पहुंचा रही है।

संविधान की सुरक्षा व बाबा साहब के सम्मान को सुरक्षित रखने छिन्दवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा आगामी दिवस में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जाना है।

आयोजन की रूपरेखा तैयार करने स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें कांग्रेस के प्रभारीगण, पर्यवेक्षगण,

### कमलनाथ व नकुलनाथ भी होंगे शामिल

ब्लॉक अध्यक्षगण, उप ब्लॉक अध्यक्षगण, शहर अध्यक्षगण सहित समस्त मोर्चा संगठन के जिलाध्यक्षों ने अपने.अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

संविधान बचाओ रैली के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ की उपस्थिति में आगामी 8 मई 2025 को संविधान बचाओ रैली निकाली जावेगी।

उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए परासिया, दमुआ, हर्रई व बटकाखापा सहित अन्य क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटियों को लेकर भी चर्चा की साथ ही मतदाता सूची, बूथ को मजबूत करने व सहकारिता चुनाव पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ ब्लॉक स्तर तक आंदोलन व धरना प्रदर्शन करने का सुझाव दिया।

आयोजित बैठक को गंगाप्रसाद तिवारी, गोविंद राय, अशोक तिवारी, सुनील जायसवाल व चौरई विधायक सुजीत चौधरी ने सम्बोधित किया। बैठक में कांग्रेस के प्रभारीगण, पर्यवेक्षगण, ब्लॉक अध्यक्षगण, उप ब्लॉक अध्यक्षगण, शहर अध्यक्षगण सहित समस्त मोर्चा संगठन के जिलाध्यक्षगण सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।